ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 12-03-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-03-12 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-03-13	2021-03-14	2021-03-15	2021-03-16	2021-03-17
वर्षा (मिमी)	8.0	2.0	1.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	19.0	19.0	19.0	20.0	20.0
न्यूनतम तापमान(से.)	7.0	7.0	7.0	6.0	6.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	65	60	55	55
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	45	40	35	30	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	10.0	6.0	6.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	120	300	320	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	3	3	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

12 से 14 मार्च को बूंदा-बांदी व हल्की वर्षा होने की सम्भावना है| आगामी पांच दिनों में, अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 19.0 से 20.0 व 6.0 से 7.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा|

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.2-0.35 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में मध्यम सूखे की स्थिति दर्शाता है। कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें|

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 12 से 14 मार्च को बूंदा-बांदी व हल्की वर्षा होने की सम्भावना है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। आज पहाड़ी क्षेत्रों में कहीं-कहीं ओला/ बिजली गिरने की भी सम्भावना व्यक्त की गई है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	सरसो की परिपक्क फसलो की कटाई करें।
चावल	माह के द्वितीय पखवाड़े में चेतकी धान (असिंचित) की बुवाई करें।
टमाटर	टमाटर की फसल मे रोपाई करने से पूर्व जड़ो को एमिडाक्लोरपिड 1 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर 10-15 मिनट तक डुबाने के बाद रोपाई करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
शिमला मिर्च	घाटी क्षेत्रों में टमाटर, शिमलामिर्च तथा बैंगन की तैयार पौध का रोपण 60 से 60 से0मी0 दूरी पर इस माह के द्वितीय पखवाड़े में करें।
बैंगन	सीमित सिंचाई वाले क्षेत्रों के लिए बैंगन एवं मिर्च बीजों की बुवाई पौधशाला में करें।
सेब	अधिक फल उत्पादन हेतू मधुमक्खियों के बक्सें अपने खेतो मे रखे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	गर्भवती पशुओ में प्यूरपरल बुखार को रोकने के लिए, प्रतिदिन 50-60 ग्राम खनिज मिश्रण को पशुओं की प्रतिरक्षा को बढ़ाने हेतु आहार के रूप में दें। इस समय पशुओं में बॉझपन और जोहन की बीमारी होने की अधिक संम्भावना है। इस स्थिति में पशुओ का तत्काल इलाज करवाए।